अखिल भारतीय विशा नागर समाज का मुखपत्र

(त्रैमासिक E समाचार पत्र)

# नागर दर्पण

ABVNVS

* अध्यक्ष – प्रमोद नागर * संपादक – प्रबोध पारिख * सचिव – डॉ. निलेश नागर

वर्ष – 1 * अंक – 1 जुलाई से सितंबर 2022 * पृष्ठ – 20



## रजत आनन्द महोत्सव षष्टम अधिवेशन 2022

अखिल भारतीय श्री विशानागर वणिक समाज का षष्टम महाधिवेशन कोई सामान्य अधिवेशन नहीं था। संस्था यह अधिवेशन अपने 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयन्ती वर्ष के रूप में मना रही थी।

संस्था ने सिल्वर जुबली अधिवेशन प्रभु श्रीनाथजी के श्रीचरणों में अर्थात् श्री नाथद्वारा में मनाने का निर्णय लिया। नागर समाज के हर शहर के हर परिवार के मन में एक ही बात थी– चलो नाथद्वारा।

जोश, उत्साह, उमंग, प्रसन्नता, रोमांच की पराकाष्ठा चलो नाथद्वारा। संस्था ने बहुत सोच–विचारकर दिनांक 8–9 जनवरी, 2022 को श्री नाथद्वारा में षष्ट महाधिवेशन रजत आनन्द महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। महाधिवेशन की तैयारियां जोरों पर थी। सभी तैयारियां अंतिम चरण में थी। ठहरने, चाय–नाश्ते, खाने–पीने, मंच लाइट डेकोरेशन, साज–सज्जा से तैयार होने की ''राजमहल'' कार्यक्रम स्थल पर।



आचार्यश्री का पधारना तय हुआ। मुख्य अतिथिगणों की स्वीकृति मिली, समाज के हर परिवार ने जैसे भी सम्भव था, रेल, बस, हवाई आरक्षण करवाये। ऐसे में कोविड–19 के कारण शासन के दिशा–निर्देशों के अनुसार इतने लोगों को एक स्थान पर एकत्रित होने की स्वीकृति नहीं मिली, प्रतिबन्ध था। फलस्वरूप भारी मन से संस्था ने अधिवेशन स्थगित किया तथा भविष्य में अतिशीघ्र जब भी सम्भव होगा महाधिवेशन श्री नाथद्वारा में करने का निर्णय लिया।

समय बीतता गया, कोविड के बन्धनों से धीरे–धीरे छूट मिलना प्रारंभ हुई। फिर संस्था ने दिनांक 23 व 24 अप्रैल 2022 को श्री नाथद्वारा में रजत आनन्द महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। इस बार समाजजनों में महाधिवेशन को लेकर और अधिक जोश व उत्साह था।

22 अप्रैल 22 को संध्या से ही समाज के



















विभिन्न शहरों से समाजजन श्रीनाथद्वारा में पधारना प्रारंभ हो गये। 22 अप्रैल को संध्या नागर भवन में कार्यकारिणी की बैठक संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव श्री प्रमोदजी नागर ने दिनांक 23 व 24 अप्रैल 2022 को होने वाले महाधिवेशन की पूरी जानकारी साझा की तथा सभी सदस्यों को अधिवेशन में सहभागिता कर अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की।

22 अप्रैल 22 को रात्रि में संस्था के पदाधिकारियों की एक आपात बैठक नागर भवन में हुई। बैठक में सचिव श्री प्रमोदजी नागर ने जानकारी दी कि पूज्यपाद गो. 108 श्री द्वारकेशलालजी महाराजश्री आपश्री के रिश्तेदारी में किसी के श्रीजीशरण होने से नहीं पधार सकेंगे। ऐसे में सभी सदस्य स्तब्ध रह गये। परन्तु संस्था की तकलीफ से आप श्री अनभिज्ञ नहीं थे, अन्तिम समय में संस्था क्या करेगी अतः आपने खूब कृपा की और 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे अल्प अवधि के लिए पूज्य गो. 105 श्री शरणम् कुमार महाराजश्री के पधारने की स्वीकृति दी।

इस प्रकार संस्था ने 23 अप्रैल 22 को प्रातः 10 बजे आपश्री के प्रवचन का कार्यक्रम रखा एवं आपसी चर्चा कर अधिवेशन का संशोधित कार्यक्रम स्वीकृत किया।

23 अप्रैल को पूरा नाथद्वारा नागरमय हो गया। हर मार्ग पर चारों ओर समाजजनों का रेला था। जय श्रीकृष्ण, कब आये, कैसे हो का माहौल था। मन को शान्ति और सुकून देने वाला ऐसा दृश्य देखकर सभी प्रसन्नचित्त थे।

23 अप्रैल 22 प्रथम सत्र–राजविलास मोतीमहल के हाल में समाजजनों का स्वल्पाहार के साथ आना, मिलना–जुलना प्रारम्भ हुआ। सभी ने नाश्ते में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। प्रातः 10 बजे सम्प्रदाय श्री छठी गादी के छोटे युवराज आदरणीय श्रद्धेय पूज्य गो. 105 श्री शरणम् कुमारजी महाराजश्री का पुष्प वर्षा व जय जय की उद्घोष के साथ पधारना हुआ।

आपश्री को संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री जी.डी. नागर एवं नागर संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर, सचिव श्री प्रमोद नागर, स्वागताध्यक्ष श्री अशोकजी पारिख व श्री जयन्तीभाई पारिख ने ससम्मान मंच पर पधराया। इसके साथ ही अधिवेशन अध्यक्ष श्री मनमोहनजी पारिख व मुख्य अतिथि श्री रणजीतजी बार्शीकर को ससम्मान मंचासीन कराया व पदाधिकारीगण स्वयं भी मंचासीन हुए।

प्रारंभ में आपश्री ने श्रीजी चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम आपश्री का परिचय डॉ. श्री निलेशजी नागर ने दिया। परिचय के पश्चात आपश्री का पुष्प हार से स्वागत संस्था के पदाधिकारियों कार्यक्रम के अतिथिद्वय व नागर भवन न्यास के अध्यक्ष द्वारा किया गया।

संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर ने सारगर्भित उद्बोधन दिया। अब जन–जन को आपश्री के आशीर्वचन का इन्तजार था। कार्यक्रम में आपका पधारना संयोग था। प्रभावशाली तेजोमय व्यक्तित्व वाले युवा आचार्य को अपने मध्य पाकर सभी प्रसन्न थे। आपने आधुनिक समय में सम्प्रदाय की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये। इतनी कम उम्र में इतना सारगर्भित आत्मीय प्रवचन सुनकर वैष्णव धन्य हुए, अधिवेशन सफल हुआ।

नागर भवन समाज की धरोहर है, नागर भवन न्यास द्वारा सुन्दर अति सुन्दर, सर्वसुविधायुक्त, आधुनिक वातानुकूलित नागर भवन का निर्माण कराया गया। इस कार्य में न्यासीगणों का अथक प्रयास व योगदान रहा। सक्रिय समर्पित सेवाभावी न्यासी गणों को आपश्री के द्वारा शाल–श्रीफल उपरना ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया गया। सर्वश्री व्ही.जी. पारिख, अध्यक्ष श्री रमेश जी पारिख मुंबई, श्री अशोकजी पारिख नाथद्वारा, उपाध्यक्षगण श्री गिरधरगोपालजी नागर, इन्दौर मंत्री श्री प्रवीण पारिख, सहमंत्री श्रीमती प्रतिक्षा प्रशान्तजी झव्हेरी, न्यासी व आर्किटेक्ट हैदराबाद।

इसी क्रम में आपने अतिथिद्वय श्री मदनमोहनजी पारिख एवं श्री



रणजीतजी बार्शीकर को उपरना ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। अब बारी थी 4 कार्यकाल से सेवारत सक्रिय समर्पित सेवाभावी कार्यकारिणी के सदस्यों की। आपश्री ने निम्न दस सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया। श्री प्रदीपजी देवी, श्री रमेशजी बी. पारिख, श्री नन्दकिशोरजी श्राफ, श्री हरीशजी टोपीवाला श्री मनसुखभाई शाह, श्री जयंतीभाई पारिख, श्री महेशजी नागर, श्री सुरेश भाई, श्री हसमुख भाई जरीवाला, श्री घनश्याम भाई दलाल।

आशीर्वचन के क्रम के पश्चात् संस्था के अध्यक्ष व सचिव महोदय ने आपश्री को शाल–श्रीफल, मोमेन्टो भेंट कर वन्दन अभिनन्दन किया। सचिव श्री प्रमोदजी नागर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अल्प समय में आप पधारे, समाज आपकी आत्मीयता व कृपा पाकर धन्य हुआ।

**साधारण सभा–**आपश्री के प्रवचन के पश्चात संस्था की साधारण सभा संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। साधारण सभा का मुख्य कार्य वर्ष 22–25 हेतु कार्यकारिणी समिति के 15 सदस्यों का चुनाव व सचिव महोदय द्वारा रखे बिन्दुओं पर विचार करना था।

चुनाव प्रक्रिया हेतु श्री मदनमोहनजी पारिख बनारस, मुख्य चुनाव अधिकारी श्री गोपालदासजी नागर, इन्दौर सहायक चुनाव अधिकारी व श्री द्वारकादासजी पारिख, उदयपुर को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मदनमोहनजी पारिख ने श्रीजी चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर साधारण सभा का शुभारंभ किया।

मंगलाचरण के पश्चात साधारण सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई। संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी द्वय का परिचय दिया व बेजेस लगाकर पुष्प हार से स्वागत किया। स्वागत की श्रृंखला में विभिन्न शहरों से पधारे संस्था की आजीवन सदस्यों के अध्यक्ष महोदय का पुष्पहार से स्वागत किया गया। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर ने साधारण सभा को संबोधित किया व आवश्यक जानकारी दी। सचिव श्री प्रमोदजी नागर ने गत साधारण सभा के मिनिट्स (बिंदु) का वाचन किया, जिसे सर्वानुमति से स्वीकृत किया गया। आपने साधारण सभा में निम्न बिन्दु चर्चा हेतु प्रस्तुत किये व इस पर सदन की स्वीकृति चाही।

1. समग्र विशा नागर समाज का सोसायटी एक्ट में रजिस्ट्रेशन हो जाने के कारण अ.भा. श्री विशा नागर वणिक समाज को रजिस्टर्ड संस्था में विलीन करना।

2. समग्र विशा नागर वणिक समाज ट्रस्ट का गठन कार्यकारिणी की स्वीकृति से दिनांक 17.3.20 को किया गया, जिसकी स्वीकृति प्रदान करना।

3. आडिटर की नियुक्ति करना।

4. अ.भा. श्री विशा नागर वणिक समाज के पास एकत्रित सेवा सुश्रुषा कोष में जमा राशि को उपरोक्त पारमार्थिक ट्रस्ट को हस्तांतरित किये जाने का अनुमोदन करना।

5. वर्ष 22 से 25 हेतु कार्यकारिणी समिति के लिये 15 सदस्यों का चुनाव करना।

6. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से। सदस्यों ने एक एक बिन्दु पर चर्चा कर अपनी स्वीकृति प्रदान की। तत्पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मदनमोहनजी पारिख ने चुनाव सम्बन्धी जानकारी दी।

चुनाव प्रक्रिया में पूर्व चुनाव में खड़े सभी उम्मीदवारों ने 1 से 2 मिनट में अपना अपना परिचय दिया। संस्था की ओर से मुख्य चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारीद्वय को मोमेन्टो भेंटकर भावभीना स्वागत किया गया। अन्त में श्री महेशजी नागर ने आभार माना। तत्पश्चात मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

द्वितीय सत्र–लगभग 5.30 बजे सभी समाजजन द्वितीय सत्र हेतु हाल में एकत्रित हुए। संस्था के पदाधिकारीगणों, स्वगताध्यक्ष ने अधिवेशन के अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख, बनारस व मुख्य अतिथि श्री रणजीतजी बार्शीकर, नवी मुंबई को मंचासीन कराया व स्वयं भी मंचासीन हुए।

अधिवेशन के अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख व मुख्य अतिथि

श्री रणजीतजी बार्शीकर ने मंचासीन सदस्यों के साथ श्रीजी चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया। मंगलाचरण के पश्चात सत्र प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि श्री रणजीतजी बार्शीकर का परिचय श्री अनिलजी पारिख उदयपुर ने दिया। संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर ने श्री मदनमोहनजी पारिख का व श्री रणजीतजी बार्शीकर मुख्य अतिथि का पुष्पहार से स्वागत श्री प्रमोदजी नागर ने किया। अतिथिद्वय के साथ पधारी आपकी जीवन संगिनी महिला अतिथि श्रीमती सरोजबेन पारिख का स्वागत श्रीमती स्मिता पारिख ने व श्रीमती सुधाबेन बार्शीकर का श्रीमती प्रतिक्षा जव्हेरी ने आत्मीय भावभीना स्वागत किया। स्वागत भाषण स्वागताध्यक्ष श्री जयंतीभाई पारिख उदयपुर ने दिया।

अधिवेशन हेतु प्राप्त शुभकामना संदेश का वाचन श्री व्ही.जी. पारिख सा. मुंबई ने किया।

अब बारी थी–श्रीनाथधाम में आयोजित अधिवेशन में सम्प्रदाय की भक्ति साधना में गोता लगाने की, रसास्वादन की, नाचने–गाने, झूमने आनन्द उठाने की।

जी हां बात है सांस्कृतिक संध्या की–श्री संतोष नीरज देसाई व हरि संगीत कला केन्द्र इन्दौर द्वारा पुष्टिमार्गीय सम्प्रदाय पर आधारित भजन संध्या की सांस्कृतिक संध्या ने इतिहास रच दिया, इतनी सुन्दर बेजोड़ भजन संध्या।

पूरे नागर समाज ने नाचकर, गाकर, झूमकर, प्रफुल्लित आनन्दित उत्साह के वातावरण में इसका लाभ उठाया। रोम–रोम आनन्दित हो गया, मजा आ गया।

**चुनाव परिणाम**–मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मदनमोहनजी पारिख ने सर्वाधिक मत प्राप्त 15 उम्मीदवारों की घोषणा की जो निम्नानुसार है–

1. डॉ. श्री निलेश नागर, इन्दौर 2. श्री हरीशचन्द्र टोपीवाला, बुरहानपुर, 3. श्री प्रमोद नागर, इन्दौर 4. श्री रमेशजी पारिख, नाथद्वारा, 5. श्री अशोकजी पारिख, नाथद्वारा 6. श्री राजेशजी पारिख, मंदसौर, 7. श्री अनिलजी पारिख, मंदसौर, 8. श्री रमेश बी. पारिख, मुंबई 9. श्री विनयजी (बीनू) पारिख, मंदसौर 10. श्री अनिल पारिख, उदयपुर, 11 श्री नितिनजी पारिख, उदयपुर 12. श्री हितेश शाह बुरहानपुर, 13. श्री राजेन्द्र गुजराथी, अहमदनगर 14. श्री महेशजी नागर, इन्दौर 15. श्री पी.डी. नागर, 15. श्री प्रदीपजी देवी, नासिक

आपने बताया कि 15वें नंबर पर उक्त दोनों प्रत्याशी को समान मत प्राप्त हुए हैं अतः इसका निर्धारण लाटरी पद्धति से किया जाना है। इस पर श्री पी.डी. नागर इन्दौर ने विशाल हृदय का परिचय देते हुए अपना नाम वापस ले लिया। फलस्वरूप मुख्य चुनाव अधिकारी महोदय ने श्री प्रदीप देवी नासिक को विजयी घोषित किया। तत्पश्चात सभी सदस्यों को स्वादिष्ट लजीज रात्रि भोजन हेतु आमंत्रित किया गया।

**तृतीय सत्र**–24 अप्रैल रविवार प्रातः 10.30 बजे प्रभु श्रीनाथजी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के पश्चात नागर भवन न्यास के अध्यक्ष व समाज के वरिष्ठ श्री व्ही.जी. पारिख सा. की अध्यक्षता में नवीन व पुरानी कार्यकारिणी की बैठक प्रारंभ हुई। इस बैठक में सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। सदस्यों की राय व सहमति के पश्चात श्री व्ही.जी. पारिख सा. ने अध्यक्ष पद हेतु श्री प्रमोदजी नागर के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की। इसके पश्चात सदस्यों ने सर्वानुमति से सचिव पद हेतु डॉ. श्री निलेश नागर को मनोनीत किया।

कुछ समय आपसी विचार–विमर्श कर अध्यक्ष व सचिव महोदय ने अपनी कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारियों की घोषणा की। अध्यक्ष श्री प्रमोद नागर,इन्दौर, उपाध्यक्ष श्री रमेश पारिख, मुंबई, श्री प्रबोध पारिख,मंदसौर श्री राजेन्द्र गुजराथी, अहमदनगर, सचिव श्री निलेश नागर, इंदौर, सहसचिव–श्री रवीन्द्र बन्नातवाला, हैदराबाद, श्री मनुभाई गांधी, करमाला, श्री रमेश पारीख, नाथद्वारा, कोषाध्यक्ष श्री शैलेष नागर, इन्दौर व सहकोषाधथ्यक्ष श्री हरीश टोपीवाला, बुरहानपुर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रमोदजी नागर ने बैठक संचालन के लिये श्री व्ही.जी. पारिख सा. का आभार माना।

**चतुर्थ सत्र**–समापन सत्र : सुबह के लजीज खाने के पश्चात समापन सत्र प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम संस्थापक अध्यक्ष, अध्यक्ष, सचिव, स्वागताध्यक्षद्वय ने कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख व मुख्य अतिथि श्री रणजीतजी बार्शीकर को मंचासीन कराया व स्वयं मंचासीन हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि ने मंचासीन सदस्यों के साथ श्रीजी चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ सत्र का शुभारंभ किया। मंगलाचरण के पश्चात सत्र प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख का श्री पी.डी. नागर, अध्यक्ष महोदय ने तथा मुख्य अतिथि श्री रणजीतसिंह बार्शीकर का सचिव श्री प्रमोदजी नागर ने पुष्पहार से स्वागत किया।

रजत आनन्द पत्रिका षष्टम् अधिवेशन 2022 का विमोचन– यह सामान्य पत्रिका नहीं समाज का दर्पण है। रजत आनंद पत्रिका के मुख्य संपादक श्री प्रबोध पारिख ने समिति के सदस्यों, मुख्य प्रबंधक द्वय श्री प्रमोद नागर व श्री डॉ. निलेश नागर, सह प्रबन्धक श्री सुरेन्द्र नागर, सदस्यगण श्री चेतन नागर, महेश नागर, शैलेष नागर को मंच पर आमंत्रित किया। मुख्य संपादक श्री प्रबोध पारिख ने पत्रिका प्रकाशन हेतु समिति का, विज्ञापनदाताओं का वेब समिति के प्रतिनिधियों का, विभिन्न शहरों के अध्यक्ष, मंत्री, समाजजनों के अमूल्य सहयोग हेतु आभार माना।

मुख्य प्रबंधक श्री प्रमोद नागर व डॉ. निलेश नागर ने प्रकाशन में रात-दिन किये परिश्रम व सहयोग हेतु सभी को आभार दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख व श्री रणजीतजी बार्शीकर ने मंचासीन पदाधिकारियों समिति के सदस्यों के साथ समाज की उपस्थिति में पत्रिका का विमोचन किया। तत्पश्चात संस्था के सचिव श्री प्रमोदजी नागर ने सचिवीय रिपोर्ट का वाचन किया।

संस्थापक अध्यक्ष श्री डॉ. जी.डी. नागर ने पधारे सभी समाजजनों को कार्यक्रम सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रमोद नागर ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसके पश्चात अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

अध्यक्ष महोदय श्री मदनमोहनजी पारिख ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री रणजीतजी बार्शीकर ने अपने उद्बोधन में सुन्दर कार्यक्रम की सराहना की एवं संस्था के यश-कीर्ति की कामना की।

संस्था के अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर ने सुन्दर व्यवस्था के लिए विभिन्न समितियों का एवं समाजजनों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मदनमोहनजी पारिख को श्री पी.डी. नागर ने व मुख्य अतिथि श्री रणजीतजी बार्शीकर को श्री प्रमोदजी नागर ने मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किया। अध्यक्ष श्री प्रमोदजीनागर ने बताया कि संस्था को निम्नानुसार सेवा कोष में सहयोग राशि प्राप्त हुई है। सर्वश्री मदनलाल छगनलाल ज्वेलर्स 1 लाख रुपए, श्री रणजीतजी बार्शीकर मुंबई 51 हजार रुपए, श्री गोपालदास वल्लभदास सराफ, बुरहानपुर 11 हजार रुपए। आपने इस हेतु सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अन्त में श्री प्रबोध पारिख ने कार्यकारिणी सदस्यों का समाज के जन-जन का, विभिन्न समितियों का, सभी अध्यक्ष, मंत्री गणों का, विज्ञापनदाताओं का, नाथद्वारा समाज का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय रजत आनन्द महोत्सव के चार सत्र का संचालन श्री प्रबोध पारिख ने किया।



**षष्टम महाधिवेशन**

# रजत आनन्द महोत्सव

## पहली बार कदम कदम पर परीक्षा


इससे पहले समाज ने 5 अधिवेशन हर्ष-उल्लास, रोमांच व प्रसन्नता से मनाये। अलग-अलग शहर, हर अधिवेशन पर हर बार कुछ नया। हर बार उत्साह, उमंग जोश प्रसन्नता का वातावरण।

परन्तु इस बार तो ईश्वर ने परीक्षा भी ली और तैयारी का मौका भी नहीं दिया। कदम-कदम पर परीक्षा थी, आरंभ से अन्त तक परीक्षा थी।

- सर्वप्रथम ज्ञात हुआ कि - कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री छबीलभाई हैदराबाद स्वास्थ्य ठीक न होने से अधिवेशन में नहीं आ सकेंगे।
- फिर ज्ञात हुआ विशेष अतिथि श्री नारायणभाई दोशी अपरिहार्य कारणों से नहीं आ सकेंगे। इन समाचारों से सम्भले भी नहीं थे कि यह ज्ञात हुआ कि अधिवेशन के आशीर्वाददाता षष्टम पीठाधीश्वर पूज्य गो. 108 श्री द्वारकेशलालजी महाराजश्री रिश्तेदारी में किसी सदस्य के श्रीजीशरण होने से नहीं पधार रहे हैं।
- इस पर आपश्री ने अधिवेशन को सहारा दिया और परेशानी में पूज्य गो. 105 श्री शरणम् कुमारजी महोदय को पधराकर उपकृत किया।
- फिर ज्ञात हुआ आदरणीया सुशीलाबेन श्रीजीशरण हो गई हैं। बहुत दुःख हुआ। दूसरे दिन के प्रभातफेरी व परिक्रमा के कार्यक्रम स्थगित किये गये।
- इतना सब होते हुए भी समाज ने ईश्वर पर भरोसा रखा। सबने धैर्य रखा, अधिवेशन सानन्द सम्पन्न हुआ।

## समाचार जगत

# इन्दौर में गणेशोत्सव भक्तिमय माहौल में धूमधाम से मनाया




इंदौर। इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव बुधवार 31 अगस्त से 9 सितंबर तक धूम धाम से मनाया गया। श्री विशा नागर समाज़ इंदौर सस्था के मंगल मूर्ति श्री गणेश जी नागर वाटिका, नैनोद रोड, इंदौर पर (नव श्रृंगाररीत ,वॉटर प्रूफ पांडाल में ) समाज के सभी क्लबों के माध्यम से झांकी सजाकर , विराजित किये गए। श्री गोवर्धन नाथजी हवेली, इंदौर पर समाज की ओर से पलना मनोरथ, रखा गया, नागर म्यूजिकल तंबोला का आयोजन हुआ। हाटकेश्वर मंदिर छत्रीबाग पर श्री हाटकेश्र्वर महादेव अभिषेक, ऑनलाइन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कमल किशोर नागर गौशाला गोमटगिरी पर गौ सेवा, नागर वाटिका पर प्रथम बार वल्लभ कुल आचार्य, पु. पा.गोस्वामी 108 श्री दिव्येशकुमारजी महाराजश्री (इंदौर–नाथद्वारा) के सानिध्य में श्री यमुनाष्टक पाठ एवं कीर्तन हुए। ज्ञातिजनों ने सपरिवार पधारकर अलौकिक अलभ्य लाभ एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। वल्लभ सतसंग भवन पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। हॉट स्टार टर्फ पर 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संम्पन हुई। प्रति दिन ज्ञाति जन हेतु स्वादिष्ट अल्पहार की व्यवस्था भी की गई थी। प्रतिदिन प्रसाद की व्यवस्था एक या दो ग्रुप (क्लबों) के माध्यम से रखी गई। प्रातः 10 बजे और रात्रि 9.30बजे ज्ञाती जन की विशेष उपस्थिति मे आरती की गई। भव्य , शानदार, सफलतम गणेशोत्सव आयोजन की उत्सव मंत्री द्वय व समस्त कार्यकारिणी को खूब खूब बधाई। पूरी टीम ने सुनियोजित प्रबंधन के साथ सारे ही कार्यक्रमों आनंद दायक बनाया।













## आनंद मेला में छाया उल्लास... समाज जनों ने खूब लिया आनंद...

इंदौर। रविवार दिनाँक 04/09/2022 समय संध्या 5.30 बजे से, आनंद मेला नागर वाटिका, ड्रीम वर्ल्ड के पास नैनोद रोड इंदौर पर आयोजित किया गया था। जिसमें तय पुरस्कार श्रेणी में निम्न लिखित विजेता रहे। सर्वश्रेष्ठ स्वादिष्ट व्यंजन, जॉली क्लब, (सब्जी पूरी), सर्वश्रेष्ठ स्टाल डेकोरेशन, फ्रेंड्स क्लब, (सैंडविच एवं कॉर्न), सर्वश्रेष्ठ स्टाल ग्रुप ड्रेसअप, प्लेटिनियम क्लब ( दाबेली) (75आजादी अमृत उत्सव), सबसे अधिक खाद्य स्टाल बिक्री, गोकुल धाम बेक हाउस (बेक़री, पेस्ट्री, टॉफ़ी), पुरस्कार प्रायोजक, स्व श्री अशोक कुमार जी, मदनलाल जी नागर स्मृति मे परिवार की ओर से नागर प्रीमियर लीग–3 मे मैच स्थल पर वितरीत किये गये। रात्रि आरती व प्रसाद की व्यवस्था जाँली क्लब के माध्यम से की गई थी।





# समाचार जगत

## औरंगाबाद गणेश उत्सव की धूम



हर साल की तरह इस साल गणेशोत्सव-2022(54वां वर्ष), कार्यकारिणी समिती के द्वारा नागरवाडी में हर्षोल्हास के साथ मनाया गया। रोज रात को समाज के 10/12 परिवार गणेशजी की आरती और प्रसाद की व्यवस्था करते है। इन 10 दिनों में समाज के सभासदो के अलग अलग ग्रुप ने रोज रात को मनोरंजन के कार्यक्रम का आयोजन किया। 31/08/2022 श्री की स्थापना 01/09/2022 मॅजिक शो- अजिंठा कंपनी और बी.सी. ग्रुप 02/09/2022 तंबोला- एलोरा कंपनी 03/09/2022 आनंद नगरी- कार्यकारिणी समिति 04/09/2022 ब्लड डोनेशन वन मिनट कॉम्पिटीशन- कार्यकारिणी समिति यादों के झरोखे से - श्री नागर नवयुवक सांस्कृतिक मंडळ 05/09/2022 रंगारंग प्रोग्राम फॉर लेडीज- कार्यकारिणी समिति भजन संध्या- 17 मेंबर ग्रुप 06/09/2022 क्लासिक चॉइस- क्लासिक ग्रुप ऑफ नागर 07/09/2022 कराओके ऑर्केस्ट्रा- नागर युवक सांस्कृतिक मंडळ 08/09/2022 ज्ञातीनु जमण - नागर युवक सांस्कृतिक मंडळ, लकी ड्रॉ, बक्षीस वितरण - कार्यकारिणी समिति, 09/09/2022 श्री का विसर्जन इन पलों की कुछ झलकियाँ आपके साथ साझा करते

## अ.भा. श्री विशा नागर वणिक समाज महिला व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया

अ.भा. नागर महिला समाज के नाम से वॉट्सेप् समूह बनाया गया है, समूह के माध्यम से पूरे भारत के सदस्यों को आपस मे जोड़ने का प्रयास किया गया है, समूह के माध्यम से आप अपने शहर की सामाजिक गतिविधियो की जानकारी भी, आदन प्रदान कर सकते है, प्रेषित कर सकते है, समूह मे अखिल भारतीय नागर समाज के संरक्षक सदस्य, प्रतिनिधि सदस्य, अथवा स्थानीय समाज की कार्यकारिणी सदस्य या समिति सदस्य है उन्हे शामिल किया गया है। अ भा नागर महिला समाज की मातृ शक्ति ,का भी समूह पृथक बनाया गया है। अखिल भारतीय विशानागर वणिक समाज -1 समूह मे वर्तमान मे 256 सदस्य जुड़े हुए है। अ भा नागर महिला समाज मे 110 महिला सदस्य है। संस्था के क़रीब 375 संरक्षक सदस्य है (श्री जी शरण के नाम हटाकर)व क़रीब 200 स्थानीय संस्था के अध्यक्ष व प्रतिनिधि है। अतः एक समूह अखिल भारतीय नागर समाजस्त्र के नाम से और बनाया गया है, अतः सभी स्थानीय कार्यकारिणी सदस्यों से प्रतिनिधियो आग्रह है की अपने अपने शहर के सरक्षक सदस्य,/प्रतिनिधि सदस्य/ समिति सदस्य ,या स्थानीय समाज की कार्यकारिणी सदस्य जो रह गए है एवं इस समूह से जुड़ना चाहते है तो उनकी पूर्ण जानकारी (नाम, नम्बर, पते व पद के साथ) 9893025900 पर प्रेषित कर देवे। ताकि समय समय पर सामाजिक गतिविधियो, व सुख दुःख की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से सभी सदस्यों को मिल सके। नागर दर्पण ई-पत्रिका भी,सोशल मीडिया के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित की जावेगी।

## उदयपुर समाज के 200 ज्ञातिजनों ने की ब्रजयात्रा

श्री विशा नागर वणीक (पारख) समाज उदयपुर के तत्वावधान में उदयपुर समाज के 200 सदस्यों ने दो दिवसीय ब्रज यात्रा पर रेल द्वारा प्रस्थान किया, यात्रा मे सभी उम्र के ज्ञाति जन थे। यात्रा की पूर्ण तैयारी समाज अध्यक्ष जयंती भाई सचिव यशवंत (सुनील )भाई व सम्पूर्ण कार्यकारिणी द्वारा किया गया । समाजजनों ने दो दिवसीय यात्रा मे मथुरा, जतीपुरा, चंद्रसरोवर बैठकजी, गोकुल, रमण रेती आदि स्थानों पर दर्शन कर भ्रमण किया। पूर्व में भी इसी कार्यकारिणी के नेतृत्व मे मथुरा ,श्रीचम्पारेण,बनारस, आदि यात्रा उदयपुर समाज द्वारा आयोजित की गई थी।





## वाराणसी में दो दिवसीय गरबा महोत्सव



वराणसी महिला मंडल द्वारा  नवरात्र के अवसर पर दो दिवसीय गरबा दिनांक 27/9/22 व 28/9/22 को पंचायती भवन में 6:30 बजे से आयोजित किया गया। समाज की सभी महिलाओं ने गरबे का आनंद लिया।

## घरों में ध्वजारोहण कर अमृत महोत्सव मनाया

मन्दसौर पारख समाज ने नृसिंह घाट में सुंदर वन महोत्सव का आयोजन किया जिसमें सभी भाई बहनों ने अपना काफी उत्साह दर्शाया। महिला मंडल की बहनों ने भी सुंदर प्रश्नोत्तरी, तम्बोला एवं कपल गेम का आयोजन किया। समाज के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने 15 अगस्त को अपने अपने घरों में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का अमृत महोत्सव मनाने का निर्णय लिया, एवं सहभोज के बाद लक्की ड्रा के साथ  कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मंदसौर समाज में कोविड के टीके का शिविर

श्री विशा नागर पारख समाज मंदसौर द्वारा कोविड-19 के सभी टीके लगाने का शिविर का आयोजन किया गया। नाथद्वारा में अखिल भारतीय विशा नागर वणिक समाज द्वारा आयोजित चुनाव प्रक्रिया में मंदसौर के 3 सदस्यों ने भाग लिया था वह तीनों सदस्य विजयी हुए  एवं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम धूमधाम से किया गया जिनमें निम्न प्रकार की प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। साथ ही मंदसौर में नवनिर्मित श्री हाटकेश्वर मांगलिक भवन जिसका भूमि पूजन श्री दिव्येशकुमार जी महाराज श्री द्वारा किया गया था वह तीन मंजिला भवन पूर्णता की ओर अग्रसर है।



## औरंगाबाद : वन- महोत्सव




आप सभी को ज्ञात कराते हुये हर्ष होता है कि हर साल की तरह श्री विशा नागर महाजन समाज, औरंगाबाद का वन- महोत्सव दि.31/07/2022,रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें छोटे-बडे 102 लोगो ने सहभाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन निपट निरंजन आश्रम मे किया गया था, सुबह नाश्ता, दोपहर दाल-बाटी जीमण और शामको हाई-टी का आयोजन था,साथही सभी सदस्योके लिए तंबोला और म्यूजिकल चेयर गेम का भी आयोजन किया गया था, जिसमे सभी ने सहभाग लेकर आनंद लिया।

## समाज के गौरव श्री मदनदास देवी को रजत आनंद स्मारिका की प्रति भेंट की



करमाला के सपूत, नागर समाज के गौरव, पूरा जीवन भारतमाता के सुख दुःख, आपदा विपदा,राष्ट्र निर्माण, व राष्ट्र सेवा को समर्पित करने वाले साधक ,संघ में समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले परम आदरणीय,श्रद्धेय श्री मदनदासजी देवी को आज उनके निज निवास करमाला पर पधारने पर  अखिल भारतीय विशा नागर समाज की हाल मे प्रकाशित  रजत आनंद  स्मारिका, समाज के सह सचिव, मनु भाई गांधी जी द्वारा भेंट की गई।  पत्रिका का अवलोकन कर देवी जी प्रसन्न हुवे,गद गद हो गए, और कहा नागर समाज और खूब उन्नति करें यही शुभकामनाएँ उन्होंने दी।

## श्रीनाथजी मंदिर उदयपुर : वल्लभ जयंती

आज दिनांक 26/04/2022 मंगलवार वैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी को पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगतगुरु आचार्य श्री महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य जी के 545 वा प्राकट्य उत्सव मनाया गया इस अवसर पर ठाकुरजी को विशेष श्रृंगार व विशेष सामग्रियों का भोग आया। मंदिर के सभी द्वारो पर देहरी मांड वंदन माल बांधी गई। राजभोग के दर्शन में मंगल कलश की बोली लगाई गई अधिकतम बोली श्रीमती हिमानी बेन विवेकजी पारीख की रही। शाम 6 बजे मंदिर मण्डल की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो मंदिर के बैठक जी से शुरू होकर मुख्य द्वार से कुम्हार वाडा ,सिंधी सरकार की हवेली माहेश्वरी नोहरा होते हुए पुनः मंदिर आई। जिसमें बैंड सुखपाल घोड़े व भजन मंडली , मुख्य मंगल कलश के साथ 51 कलश लिए माता बहनों शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। व वैष्णव जन परम्परागत परिधान में पधारे। अपार जनसमूह पूरे उत्साह ओर उमंग से उमड़ा। गत दो वर्षो से शोभा यात्रा नहीं निकल पाई थी। शयन के दर्शन में बधाई कीर्तन हुए।

## नागर परस्पर सहयोगी संस्था, इंदौर की साधारण सभा

श्री विशा नागर परस्पर सहयोगी संस्था इन्दौर की अंतिम साधारण सभा बैठक रविवार 7/8/2022 संध्या 6.00 बजे कीमती गार्डन धार रोड, इन्दौर पर आयोजित की गई। बैठक पश्चात् समाज के सभी ज्ञाति जन हेतु सहभोज (बफेट) का आयोजन भी किया गया था, जिसमे नागर समाज के सभी ईष्ट मित्र ,मेहमान परिजन, ज्ञातिजन सादर आमन्त्रित थे।

**अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन दास नागर**

**सचिव ब्रजमोहन दास नागर**

## मंदसौर में गणेशोत्सव आनन्द और उत्साह से मनाया



श्री विशा नागर वणिक पारख समाज मंदसौर द्वारा दस दिवसीय गणेशोत्सव आनन्द और उत्साह से सम्पन्न हुवा। निम्न आयोजन किए गए यमुनाष्टक पाठ से आयोजन की शुरुआत की गई। हाउजी प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शतरंज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, नींबू रेस, क्विज प्रतियोगिता, कपल गेम, लकी गेम, सलाद कंपटीशन, वेस्ट में से बेस्ट कंपटीशन, आरती की थाली कंपटीशन, क्रॉसवर्ड कंपटीशन, कार्यक्रम संपन्न हुए, पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक गोविंद भाई, अध्यक्ष उमेश पारीख, सचिव राजेश पारीख, उपाध्यक्ष श्याम भाई, त्रिभुवन भाई कोषाध्यक्ष रितेश भाई, संस्कृति सचिव जीतू भाई की उपस्थिति में वितरण किया गया एवं अखिल भारतीय समाज द्वारा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को शिल्ड प्रदान की। मंदसौर से विट्ठल दास जी दोषी की स्मृति में मनमोहन भाई एवं प्रवीण भाई की तरफ से चांदी के सिक्के छात्रों को दिए गए। पायुष क्लब एवं महिला मंडल एंव नीलेश भाई, सुमित भाई, अंकुर, सचिन भाई, सतीश भाई आदि का सहयोग रहा धन्यवाद आभार।

## इन्दौर में भारतीय विक्रम संवत 2079 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा व हिन्दू नव वर्ष के पावन पर्व पर गौसेवा



इन सभी अद्वितीय अवसरों के संयोग व वैश्य दिवस के पावन पर्व पर श्री विशा नागर वणीक समाज इंदौर एवं वैश्य महा सम्मलेन जिला इकाई के संयुक्त रूप से 2 अप्रैल 2022 शनिवार श्री राम मंदिर पंचकुइया गौशाला, इंदौर पर गौ सेवा का कार्य समाज जन द्वारा किया गया, मातृभूमि को, आकाश को , देश के इतिहास व स्वर्णिम संस्कृति को और , हिन्दू सभ्यता के नये साल को नमन कर ,गुढी पड़वा के पर्व की सभी ने एक दूसरे को हार्दिक बधाई दी ।





# इन्दौर में स्वास्थ्य परीक्षण (इन्वेस्टिगेशन) शिविर कार्यक्रम

**मिशन हमारा स्वस्थ समाज**

इंदौर। संकल्प 2022 के अंतर्गत आजादी के महोत्सव 15 अगस्त 2022 की पूर्व बेला पर 14 अगस्त रविवार 2022 को श्री विशा नागर वणिक समाज, इंदौर का स्वास्थ्य परीक्षण (इन्वेस्टिगेशन) शिविर कार्यक्रम: आपका स्वास्थ, हमारी प्राथमिकता नागर वाटिका इंदौर पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित की, जिसमे, ज्ञातिजनों का ब्लड प्रेशर, वजन, CBC, कैल्शियम, यूरिक एसिड ब्लड यूरिया, (डायबिटीज के लिए) ब्लड शुगर FBS, (हृदय रोग के लिए) लिपिड प्रोफाइल, S.Cholesterol (लीवर के लिए) SGPT, SGOT, बिलरोबिन, (thyroid) T3T4TSH (किडनी के लिये) Creatinine की जाँच न्यूनतम दर (लगभग 500) पर करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष शैलेश जी नागर, संस्था के अंकेक्षक श्री कृष्ण दास जी तारकस, श्री नटवर भाई जी मनिहार, डॉ अम्लेंदु जी नागर, संस्था कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया, इस अवसर पर डॉ जी डी नागर, राजेंद्र जी नागर, रमेश जी छारिया, व मातृ शक्ति विशेष रूप से उपस्थित थी। डॉ निखिल नागर द्वारा सभी का ब्लड प्रेशर एवं वजन चेक किया गया। कार्यक्रम दौरान ,देश भक्ति गीत की प्रस्तुति संजय नागर द्वारा दी गई। चाय,अल्पाहार (पोहे कचोरी) के लुफ्त के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# इन्दौर का 83 वाँ वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

किसी भी समाज मे सामाजिक कार्य को केवल एक एक कार्यकर्ता या समाज की कार्य कारिणी ही नही करती, बल्कि उस कार्य में पूरा समाज भी शामिल होता है, क्योकि कार्य के परिणाम से समाज और उसमें रहने वाले सभी समाज्ञन के भविष्य का भी निर्धारण होता है। ऐसा ही संकल्प इंदौर नागर समाज ने भी लिया, वो भी इंदौर के भविष्य के लिए और विशेष बात हम मानते है कि इस संकल्प, वर्ष 2022 मे इंदौर समाज के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की सहभागीता रही और सफलता के पीछे,तन मन धन से कार्य भी इंदौर समाज के प्रत्येक ज्ञाति जन का था। इसलिए ही 83 वाँ वार्षिक महोत्सव संकल्प 2022. सफल सुनियोजित संपन्न हो सका। बधाई कार्यकारिणी सदस्यों को ही नही बल्कि सम्पूर्ण इंदौर नागर समाज के रहवासियों को, आप सभी ज्ञाति जन, वरिष्ठ जन परामर्शदाता जन, विज्ञापन दाताओं,मातृशक्ति, बालक बालिकाएं सभी को जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उन सभी को कोटि-कोटि धन्यवाद धन्यवाद, आभार।

